RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 23
हिसार | वीरवार, 25 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# कुलदीप बिश्नोई को सीएम नायब सैनी ने मनाया, लोकसभा चुनाव प्रचार में उतरेंगे

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल :** हरियाणा के भाजपा नेता और पूर्व सांसद एवम विधायक कुलदीप बिश्नोई फिर सुर्खियों में है।हाल में हिसार लोकसभा सीट से टिकट न मिलने के कारण नाराजगी के चलते सुर्खियों में आए कुलदीप बिश्नोई गुरुवार सुबह तब फिर सुर्खियों में गए जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी विश्नोई के दिल्ली स्थित आवास पर मिलने पहुंचे। समझा जा रहा है कि नायब सैनी नाराजगी दूर करने के लिए विश्नोई से मिलने पहुंचे। नायब सैनी नाराजगी दूर करने में कामयाब रहे। इस मुलाकात के बाद कुलदीप बिश्नोई ने ऐलान किया कि लोकसभा चुनाव में वे भाजपा के लिए प्रचार करेंगे। हिसार लोकसभा सीट से भाजपा ने रणजीत चौटाला को टिकेट दिया है। रणजीत चौटाला के चुनाव प्रचार से कुलदीप बिश्नोई ने अब तक दूरी बना रखी थी। कुलदीप बिश्नोई खुद हिसार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाह रहे थे। टिकट न मिलने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद उन्होंने रणजीत चौटाला के प्रचार से भी दूरी बना ली। वह एक बार भी उनके कार्यालय नहीं गए। कुलदीप बिश्नोई के समर्थक भी उन पर लगातार कोई फैसला लेने का दबाव बना रहे थे। इसी बीच कुलदीप विश्नोई ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सोशल मीडिया पर मेरे कांग्रेस में जाने की कुछ खबरें चल रही हैं, जो कि पूरी तरह से भ्रामक एवं निराधार है। मैंने संघ परिवार और भारतीय जनता पार्टी का साधारण कार्यकर्त्ता बनकर काम किया है और आगे भी संघ परिवार और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता रहूँगा। भाजपा ने कुलदीप विश्नोई के सामाजिक प्रभाव को देखते हुए उन्हें चुनाव प्रचार के लिए मनाया। कुलदीप का विश्नोई समाज हरियाणा और राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में खासी संख्या में है। इस कारण कुलदीप को सक्रिय किया गया।



# आचार संहिता उल्लंघन को लेकर सख्त हुआ चुनाव आयोग, पीएम मोदी और राहुल गांधी से मांगा जवाब

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल :** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित एमसीसी उल्लंघनों का संज्ञान लिया है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था। ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। ईसीआई ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 को लागू किया और स्टार प्रचारकों पर शासन करने के लिए पहले कदम के रूप में पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी के खिलाफ एमसीसी के आरोपों का पहले कदम के रूप में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ आदान-प्रदान किया गया। ईसीआई ने 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा है। ईसीआई का कहना है कि राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवारों, विशेषकर स्टार प्रचारकों के आचरण की प्राथमिक और बढ़ती जिम्मेदारी लेनी होगी। उच्च पदों पर बैठे लोगों के प्रचार भाषणों के अधिक गंभीर परिणाम होते हैं।



# भारी बारिश में बह गया अरुणाचल का हाईवे, चीन सीमा से टूटा भारत का संपर्क

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल :** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जिले को पूरे भारत से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 33 भारी बारिश में बह गया है। इसे भारतीय सेना की लाइफलाइन भी कहा जाता है। अरुणाचल में कई दिनों से बारिश हो रही है। इसके कारण सड़क का एक बड़ा हिस्सा कट कर बह गया है। इसके कारण पूरी आवाजाही बंद हो गई है। नेशनल हाइवे 33 दिबांग घाटी को भारत से जोड़ता है। यह इलाका चीन से सटा हुआ है। ऐसे में रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। हाइवे के कट जाने से एक बड़ा नुकसान हुआ है। नेशनल हाईवेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि राजमार्ग की तुरंत रिपेयरिंग की जा सके। अरुणाचल प्रदेश के अधिकारियों ने बताया है कि फिलहाल घाटी में किसी चीज की कमी नहीं है। सभी जरूरी चीजों की आपूर्ति लगातार जारी है। हालांकि इसे तेजी से दुरुस्त होने की चिंता बनी हुई है। चीन से लगती सीमा तक पहुंचने के लिए भारतीय सेना इसी हाईवे का इस्तेमाल करती है। प्रदेश सरकार ने पर्यटकों सहित सभी के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। तीन दिनों तक आवाजाही नहीं करने की सलाह दी है। इसके सही होने में तीन दिन कम से कम लगेंगे। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश से मची तबाही का एक वीडियो अपने X अकाउंट पर शेयर किया है।



# भाजपा ही देश में सुशासन व खुशहाली का राज स्थापित करने में सक्षम : रणजीत चौटाला

## बवानीखेड़ा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर चौटाला ने मांगे वोट

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा ही देश में सुशासन व खुशहाली का राज स्थापित कर सकती है। भाजपा ने सदैव देशहित व राष्ट्रहित को तवज्जो दी है जबकि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल परिवारों से बाहर भी नहीं निकलते।

रणजीत सिंह चौटाला वीरवार को लोकसभा क्षेत्र के हलका बवानीखेड़ा में जनसंपर्क अभियान चलाकर वोटों की अपील कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को खुशहाली प्रदान करने व विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार-400 पार का नारा दिया है। किसी भी देश को विकसित बनाने के लिए देश में मजबूत सरकार होना बहुत जरूरी है।

लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया किया कार्यक्रम के दौरान रणजीत सिंह चौटाला ने बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव सिकन्दरपुर में उमेश भारद्वाज के आवास पर चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ विधानसभा प्रभारी अशोक कनौजिया, विधानसभा सह संयोजक कमल सिंह परमार, सह संयोजक उमेश भारद्वाज, विस्तारक रवि सुथार, बड़सी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र जांगड़ा, बवानीखेड़ा मंडल अध्यक्ष विजय कौशिक, खरक मंडल अध्यक्ष अशोक खलेश, तिगडाना मंडल अध्यक्ष कंवर सिंह तंवर, जगन्नाथ महता, रामगोपाल सैनी, रणबीर गोयत, प्रदीप प्रजापत, विजय शर्मा कुंगड़, मनमोहन भुरटाना, आजाद धनाना, संजय ओड सहित अन्य भी मौजूद रहे। उपरोक्त के अलावा कार्यक्रम में सतपाल गुर्जर मेंबर पंचायत समिति, रोशनलाल गोरा, सतबीर सिंह आर्य, धर्मपाल पूर्व चौकीदार, बंसीलाल यादव, अजीत सिंह गोरा, रामेश्वर सैनी, दुनीचंद वाल्मीकि, बलजीत सिंह यादव, दयाल सिंह फौजी, भूपसिंह सैनी, धनसिंह सैनी, चंदगी राम, मांगेराम यादव, रामफल यादव, रामकुमार यादव, कृष्ण कुमार यादव, रामेंद्र सैन, नंदकिशोर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# हरियाणा में कल से बदलेगा मौसम, बारिश व ओलावृष्टि का अलर्ट जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल :** हरियाणा में कल (26 अप्रैल) से फिर मौसम बदलने वाला है। इसको देखते हुए मौसम विभाग ने 16 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार जताया हैं। इनमें 5 जिले ऐसे चिह्नित किए हैं, जिनमें ओले गिरने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इस दौरान 50 किलोमीटर की स्पीड से हवाएं भी चलेंगी। 26 अप्रैल को चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और जींद शामिल हैं। वहीं 27 अप्रैल को चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, सिरसा, हिसार में यलो अलर्ट, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद और फतेहाबाद में ऑरेंज अलर्ट किया गया है।

# राजस्थान में बड़ा हादसा, सरहदी इलाके में वायुसेना का प्लेन क्रैश, दहशत में लोग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**जैसलमेर, 25 अप्रैल :** राजस्थान के जैसलमेर में गुरुवार सुबह भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर के पिथला गांव के समीप क्रैश हुआ। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के साथ-साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गौरतलब है कि जैसलमेर में पूर्व में भी टोही विमान गिरने के हादसे हो चुके है। जानकारी के मुताबिक जैसलमेर में पिथला गांव के समीप एक खेत में सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रैश हो गया। मानव रहित प्लेन क्रैश होने से इलाके में दहशत फैल गई। इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। विमान के गिरने के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग भी जुट गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद विमान में लगी आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद ही एयरफोर्स के अधिकारी और अन्य कार्मिकों की टीम ने मौकास्थल पर पहुंचकर विमान को कब्जे में लिया। बताया जाता है कि तकनीकी खामी के कारण विमान गिर गया। फिलहाल, एयरफोर्स के अधिकारी हादसे की जांच में जुटे हुए हैं।









## सम्पादकीय..........

### आर्थिक असमानता में नई बहस....

*भारत में असमानता शुरू से ही अकादमिक विषय रही है, पर इस विषय का सियासत में अचानक गूंज उठना बहुत हद तक सुखद भी है और विचारणीय भी। कोई दोराय नहीं कि किसी सरकार की नीतियों की वजह से ही किसी देश में आर्थिक असमानता बढ़ती है और भारत में आजादी के पहले से ही घोर असमानता रही है। मगर इधर आर्थिक उदारीकरण की नीतियों के बाद आर्थिक असमानता बढ़ी है। अतः ऐसे में आय के पुनर्वितरण की चर्चा शायद गलत नहीं कही जाएगी। इस पर हरेक पार्टी का अपना- अपना नजरिया हो सकता है। फिलहाल, सत्ता पक्ष और विपक्ष का इस मोर्चे पर परस्पर भिन्न विचार अचरज में नहीं डालता है। खासकर, कांग्रेस के घोषणापत्र के बाद यह विषय उसके विरोधियों के लिए एक हथियार बन गया है। वैसे, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस पर सफाई दी है कि देश के जिन चुनिंदा 22 अमीरों या कंपनियों को सरकार की ओर से 16 लाख करोड़ रुपये की राहत मिली, उसमें से थोड़ी सी राशि उनसे वापस लेकर देश के 90 प्रतिशत लोगों या गरीबों में वितरित कर दी जाएगी। मतलब, कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि आय-पुनर्वितरण का विषय चंद उद्यमियों तक सीमित है, जिनसे धन वापस लेकर गरीबों में बांटा जाना है। काश! यह विषय वाकई गंभीर विमर्श का विषय बन पाता। दरअसल, हमारे देश में तमाम राजनीतिक पार्टियां बडे उद्यमियों या बड़ी कंपनियों से चंदा लेती हैं, तो स्वाभाविक है, उनसे बहुत कड़ाई की उम्मीद नहीं की जा सकती। कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का उदाहरण तो हमारे सामने है। सरकार सीएसआर के तहत कंपनियों के मुनाफे का एक छोटा हिस्सा वसूलना चाहती थी, पर कंपनियां इसके लिए तैयार नहीं हुई। तब कंपनियों को ही कहा गया कि वे मुनाफे का करीब दो प्रतिशत हिस्सा समाज-कल्याण पर स्वयं खर्च करें और सरकार को केवल सूचना दे दें। हमारे देश में भले ही लोक-कल्याण की राजनीति होती है, पर देश मूलतः पूंजीवादी स्वभाव रखता है। ऐसे में, साल 2000 के बाद भारत में असमानता तेजी से बढ़ रही है। एक प्रतिशत सबसे अमीर लोगों के पास देश की 22 प्रतिशत से ज्यादा आय और 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है। एक विकासशील देश में ऐसी असमानता निश्चित रूप से राजनेताओं का प्रिय विषय बने, तो इससे देश को लाभ होगा। आगामी सरकारों को देर-सबेर यह मुद्दा वाकई गंभीरता से उठाना पड़ेगा, इस पर कोरी राजनीति देश के किसी काम नहीं आएगी। ठीक इसी तरह विरासत कर का मुद्दा भी अचानक उभर आया है। विरासत कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था का एक पहलू है, जहां किसी अमीर व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति का पूरा हिस्सा उत्तराधिकारी तक नहीं जाता है, करीब 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार ले लेती है। सच्चे पूंजीवादी देशों में शेयर की भावना प्रबल होती है, जबकि कथित क्रोनी कैपिटलिज्म में कमाई को लोग शुद्ध रूप से निजी पुरुषार्थ मानते हैं। यह संजीदा विषय है, भारत में इसकी चर्चा लोगों को नाराज कर सकती है, लेकिन यह विषय इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कभी उठाया था और आज उनकी निंदा हो रही है। कांग्रेस ने उनकी टिप्पणी से पल्ला झाड़ लिया है, पर उसे सियासी नुकसान हो सकता है। भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है। हालांकि, सियासत अक्सर समस्याओं के बखान में ज्यादा खर्च होती है, क्योंकि समाधान के रास्ते लंबे होते हैं, पर ये रास्ते देर-सबेर तय करने पडेंगे।*

# जीवन में संतुलन बनाने के लिए इस पहलू पर ध्यान देना बेहद जरूरी है

**अध्यात्म**

आज हर क्षेत्र में खोजें हो रही हैं और पहले की तुलना में हमें अधिक जानकारियां मिल रही हैं। जानकारियों का यह जो सैलाब आया है, वह हमारे जीवन को भौतिकता की ओर धकेल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हुए विकास से हमने इतने सुविधाजनक साधन खोज लिए हैं कि हम उसी में फंस गए हैं। इन सुविधाओं में हम भूल चुके हैं कि हम कौन हैं? कहां से आए हैं और हमारे जीवन का उद्देश्य क्या है? इन सुविधाओं में अपना समय देते हुए परिवार और समाज की जिम्मेदारियां भी आ जाती हैं। हमारी यह कोशिश होती है कि हमारे बच्चे बड़े होकर हमसे बेहतर इंसान बनें और हमसे भी ज्यादा आराम की जिंदगी बिताएं। इसके लिए हम और ज्यादा मेहनत करने की कोशिश करते हैं। हम अपने काम-काज, अपने बच्चों को बेहतर बनाने और रिश्ते-नातों को सही करने में ही लगे रहते हैं। इन सब में हमारा जीवन इतना व्यस्त हो जाता है कि हमें आराम के लिए भी बहुत कम समय मिलता है। इसी तरह हमारा जीवन गुजरता चला जाता है। लेकिन एक दिन हम खुद से यह सवाल करते हैं कि क्या हमारे जीवन का मकसद केवल जन्म लेना, बड़ा होना, अपनी जिम्मेदारियों को निभाना और मृत्यु को प्राप्त करना ही है या इसके अलावा भी कुछ और है? संत-महापुरुष फरमाते हैं कि मनुष्य जीवन के तीन पहलू हैं- बौद्धिक, शारीरिक और आध्यात्मिक। हमें इन तीनों पहलुओं में विकसित होना चाहिए। हम बौद्धिक और शारीरिक विकास में तो बहुत प्रगति कर चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य से अपने आध्यात्मिक पहलू को भूल गए हैं। हम खुशनसीब हैं कि हमने मनुष्य जन्म पाया है। अपने जीवन में सही संतुलन बनाने के लिए हमें आध्यात्मिक पहलू की ओर भी ध्यान देना जरूरी है। अध्यात्म, जीवन के उच्च आदर्शों को विकसित करना और हमें बेहतर इंसान बनना सिखाता है। आध्यात्मिक पहलू का विकास करने के लिए यह जरूरी है कि हम अध्यात्म की शिक्षा को छोटी उम्र से ही बच्चों को सिखाना शुरू करें, ताकि वे बड़े होकर एक अच्छे इंसान बन सकें। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि बड़ों की अपेक्षा बच्चे अधिक तेजी से कई भाषाएं सीख सकते हैं। बच्चों की शिक्षा में अध्यात्म और जीवन के उच्च आदर्शों को शामिल करें, तो वे उसे भी सहजता से अपना लेंगे। बच्चों में आध्यात्मिकता का विकास करने के लिए ध्यान-अभ्यास एक तरीका है। ध्यान-अभ्यास में हम अपनी आंखें बंद कर लेते हैं और आंतरिक मंडलों में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं। यह एक ऐसा विज्ञान है जिसे किसी भी धर्म को मानने वाला अपना सकता है। ध्यान-अभ्यास अंतर्मुख होने का रास्ता है, जिसका अर्थ है कि हम अपना ध्यान बाहर से हटाकर अपने अंतर में टिकाएं। जब हम ऐसा करते हैं तो हम प्रभु की ज्योति और प्रभु के संगीत, जो हम सबके भीतर चल रहा है, उससे जुड़कर शांति और आनंद को प्राप्त करते हैं। ध्यान-अभ्यास एकाग्रता का दूसरा नाम है। ध्यान-अभ्यास के अनेक फायदे हैं, जैसे हम हर कार्य को कुशलता से कम समय में कर पाते हैं। एकाग्रता के बढ़ने पर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई और बेहतर तरीके से कर सकते हैं। वे धीरे-धीरे शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण रूप से विकसित होकर इंसानों के अंदर प्रभु के नूर को देखने लगेंगे। इस तरह उनके दिलों में पूरे संसार के लिए प्रेम और दया का भाव जागृत हो जाएगा।

## सुण मौल्लड़ की



युवा वर्ग में बढ़ रहा है नशे का प्रचलन।

संस्कार अर धार्मिक शिक्षा न तो घर म्हं मिलै अर न स्कूल-कालेज म्हं।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आर्थिक लाभ संभव है। शराब के सेवन से परहेज करें। सूर्य को जल दें।

**वृषभ :** भौतिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। सांझेदारी में नए कार्यों की शुरूआत लाभकारी रहेगी। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। कोई नया कार्य आरंभ न करें। विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कर्क :** भविष्य को लेकर चिंतित रहेंगे। मन में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। तनाव से बचने के लिए मेडीटेशन का सहारा लें।

**सिंह :** मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। क्रय-विक्रय से जुड़े लोग सावधानी रखें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कन्या :** व्यक्तित्व आकर्षक बना रहेगा। कार्यों में आ रही अड़चने दूर होगी। छोटे भाई बहनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला :** यात्रा सुखद रहेगी। वितीय मामले पक्ष में हल होंगे। बातचीत में नरमी बरतें।

**वृश्चिक :** कार्यों में नई शुरूआत लाभकारी रहेगी। अत्याधिक गुस्सा करने से बचें। पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे।

**धनु :** मन में तनाव बना रहेगा। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें। उधार के लेन-देन से बचें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**मकर :** विपरीत लिंग का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापारिक सौदे लाभकारी रहेंगे। परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा।

**मीन :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# कर्म हमें बाहर की दुनिया से जोड़ता है जबकि धर्म हमें अपने अंदर की दुनिया से जोड़ता है

-पाठकपक्ष डेस्क-



लोगों में कर्म और धर्म को लेकर अलग-अलग धारणाएं हैं, किसी के लिए कर्म ही धर्म है, मतलब काम ही पूजा है और किसी के लिए धर्म ही जीवन है और कर्म तो केवल जिंदा रहने के लिए जितना पर्याप्त है बस उतना ही जरूरी है।सच यह है कि कर्म और धर्म को दो अलग-अलग खांचों में बांटना मुश्किल है और यह निरर्थक भी है, कर्म हमें बाहर की दुनिया से जोड़ता है तो धर्म हमें अपने भीतर के जीवन से जोड़ता है। एक बार रहीमुद्दीन खां ने अपने वालिद बुजुर्गवार मरहूम उस्ताद अल्लाह बंदे खां साहब से पूछा, आपको नमाज़ वगैरह में कोई दिलचस्पी क्यों नहीं है? उन्होंने जवाब दिया, मेरा मजहब गाने से अलग नहीं है, गाना मैं हर वक्त गाता ही रहता हूं तो फिर नमाज़ की क्या जरूरत? जीवन की सार्थकता कर्म करने में हैं, हम अपने कर्म किस भावना से करते हैं? किस मंतव्य से करते हैं? हमारे शास्त्रों में भी कर्म को महान बताया गया है, राम चरित मानस में भी आया है, कर्म प्रधान विश्व रचि राखा और गीता में तो बताया ही यही गया है कि हमें केवल कर्म करने का अधिकार है और युद्ध जैसे भयानक कर्म को भी धर्म का दर्जा दिया गया है और कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र बताया गया है। महान दार्शनिक लिओ टालस्टाय ने अपनी आत्मकथा कन्फेशन में लिखा है कि जब वो पहली बार यूरोप घूम कर लौटे तो वो अपनी प्रसिद्धि से फूले हुए थे, किंतु शीघ्र ही उनके अंदर ये प्रश्न उठने लगे कि धन, ऐश्वर्य और शौहरत पाकर मनुष्य को आखिर मिलता क्या है तथा क्या ये चीजें मृत्यु को रोक सकती है? मनुष्य जन्म क्यों लेता है?वह किसलिए जीता है? उसके जीवन में सार्थकता क्या है? औचित्य क्या है? टालस्टाय इन प्रश्नों पर बहुत दिनों तक विचार करते रहे और अंत में उन्हें यह समझ में आया कि जीवन की सार्थकता कर्म करने में हैं और उन्होंने एक किसान का जीवन जीने का निर्णय लिया, क्योंकि जीवन में वह डट कर शारीरिक श्रम करता है और जब मृत्यु आती है तो वह बिना घबराए उसे स्वीकार कर लेता है। कर्म धर्म से सदैव श्रेष्ठ है, क्योंकि धर्म करके फल परमात्मा से मांगना पड़ता है, जबकि कर्म का फल स्वयं परमात्मा देता हे

-डॉ. कमलेश कली

## कर्म का मर्म

# जब बादशाह ने बाग में पौधे लगवाने के लिए ज्योतिषी से निकलवाया मुहूर्त

ईरानी बादशाह शाह अब्बास ने एक बार अपने महल में नया बाग लगवाने का तय किया। दिन और जगह तय हो चुकी थी, मगर बादशाह के ज्योतिषी ने नाक-भौं चढ़ाकर कह दिया कि मुहूर्त निकाले बिना पौधे लगाएंगे, तो बिलकुल नहीं फलेंगे। शाह अब्बास ने ज्योतिषी से मुहूर्त निकालने को कहा। ज्योतिषी ने कुछ पांसे फेंके, ऊपर देखकर कुछ सोचा और बोला कि दूसरी घड़ी से पहले ही पौधे लगा दिए जाएं। शाही बागवान जो ज्योतिषियों की बातें बेकार समझता था, तब वहां नहीं था। बिना उसके आए ही गड्ढे खुदवाए गए और बादशाह ने अपने हाथों से पौधे लगा दिए, ताकि भविष्य में कहा जाए कि ये पौधे खुद शाह अब्बास के लगाए हुए हैं। तीसरे पहर जब बागवान वापस आया तो उसे देखकर बड़ा ताज्जुब हुआ कि पौधे तो लगे हैं, मगर वैसे नहीं लगे, जैसे लगने चाहिए थे। सेब की जगह आड़ू और बादाम की जगह नाशपाती लगी थी। उसने सारे पौधे उखाड़ दिए। किसी ने ज्योतिषी से यह बात बता दी। ज्योतिषी शाह अब्बास के पास पहुंचा और कार्रवाई की मांग करने लगा। बागवान को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और शाह अब्बास के सामने हाजिर किया गया। गुस्से में शाह अब्बास बोला, 'तूने यह क्या किया? उन पौधों को हमने नेक मुहूर्त में अपने हाथ से लगाया था। अब क्या उम्मीद कि इस बाग का कोई पौधा फल लाएगा? जो मुहूर्त नेक थी, वह तो गुजर गई।' बागवान निडर और मुंहफट व्यक्ति था। ज्योतिषी की ओर तिरछी नजर से देखते हुए बोला, 'वाह, क्या अच्छा मुहूर्त निकाला? अरे बदशकुनी, यही तेरा ज्योतिष है कि जो पौधे तेरे कहने से दोपहर को लगाए गए, वे शाम से पहले ही उखड़ गए?' यह सुनकर शाह अब्बास एकदम हंस पड़ा और बागवान को वापस बाग में जाने को कहकर खुद भी ज्योतिषी की ओर मुंह फेर वहां से चले गए।



# जितनी भी स्वांस मिली हैं उनको परमात्मा के सिमरण में उपयोग करें : स्वामी सत्यानन्द महाराज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्त्वावधान में स्थानीय देवी भवन के नए प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत प्रवचन के अवसर पर महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने कहा कि व्यक्ति चाहे कितना भी धन एकत्रित करले किंतु और अधिक प्राप्त करने की तृष्णा समाप्त नहीं होती। क्षणभंगुर जीवन का कोई पता नहीं है। कब खत्म हो जाए। इसलिए भगवान की कृपा से जितनी भी स्वास मिली हैं उनको सही प्रकार से उपयोग में लाना चाहिए। किसी गरीब का सहारा बनें, गौसेवा करे, योग्य व्यक्ति को दान देकर सहयोगी बनें, सबके हित की सोचें। वृक्ष लगाएं, पर्यावरण बचाएं। जल का उचित प्रयोग करके जल संरक्षण करें। बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा देकर योग्य नागरिक बनाएं। भगवान आप सब को सुख व शांति प्रदान करें ऐसा आशीर्वाद भी दिया। अंत में स्वामी जी ने सभी श्रोताओं को को सत्संग के पलों को कभी भी न गवांए, बल्कि परिवार सहित भाग लें। अखिल भारतीय सोहम महामंडल के सदस्यों व अन्य सभी उत्साही कार्यकर्ताओं की प्रसंशा की। सत्संग में श्री स्वामी प्रणवानंद, और अरुण स्वरूप ने भी श्रद्धालुओं को उपदेशित किया। सत्संग के उपरांत शिव कुमार गोयल, सावर मल, बजरंग जिंदल, आत्मा राम गर्ग, राजेंद्र गोयल, सुरेन्द्र कुमार, मनोज गर्ग, कृष्ण गिरी, राहुल ऐरन, जगदीश नागपाल, नरेंद्र चोपड़ा, प्रवीण बंसल आदि ने संतों को सम्मानित करके भगवान की आरती कराई। आरती का प्रसाद पंडित ओम प्रकाश मेला ग्राऊंड द्वारा भेंट किया गया व प्रसाद वितरण हुआ।

**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

# हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में नवाह्नपारायण रामायण पाठ शुरु

## हनुमान की कृपा के बिना न कोई रामायण का पाठ कर सकता है, न ही सुन सकता है : ओसापा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट के प्रांगण में आज दोपहर बाद पं. गिरधर गोपाल ओसापा व पं. सुशील ओसापा जोधपुर वालों के सान्निध्य में संगीतमय श्री रामचरितमानस के नवाह्नपारायण रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। विनोद गुप्ता व उनके परिवार ने हनुमानजी की पूजा अर्चना की। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट ने विद्वान ब्राह्मणों का परिचय दिया व नगर वासियों की ओर से उनका स्वागत किया। ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता व सह संयोजक बृजमोहन डालमिया ने पटका ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। पाठ आरंभ करते हुए पं. गिरधर गोपाल ओसापा ने बताया कि श्रीरामायण का पाठ करना व कराना तथा सुनना बहुत ही शुभदायक व कल्याणकारी होता है। हनुमानजी की कृपा के बिना न तो कोई व्यक्ति रामायण का पाठ कर सकता है, न कोई करा सकता है और न ही सुन सकता है। हम सब बड़े भाग्यशाली हैं कि हनुमानजी के साक्षात सान्निध्य में रामायणजी का पाठ कर रहे हैं। पं. गिरधर गोपाल ओसापा व पं. सुशील ओसापा द्वारा किए गए संगीतमयी पाठ के प्रथम दिवस मंगलाचरण, गुरु की महिमा, श्रीराम, भरतजी, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, माता जानकी, सती का मोह, उमा शंभु संवाद, नारद की भविष्यवाणी, शिव पार्वती विवाह प्रसंग व मधुरवाणी में चौपाईयां सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुगध हो गए। सह संयोजक बृजमोहन डालमिया ने बताया कि इस आयोजन में नियमित सदस्यों व रामायण प्रेमियों ने पाठ का आनंद लिया। इस अवसर पर रामकुमार गोयल, राकेश गुप्ता, धर्मपाल गोयल, डॉ. सुभाष शर्मा, संजीव कुमार, बजरंग जिंदल, रामकुमार वर्मा, दीपक डालमिया, डॉ. ललिता राजवंशी, डॉ. अनिता गोस्वामी आदि भी उपस्थित रहे। सह संयोजक बृजमोहन डालमिया ने बताया कि रामायण का पाठ 2 मई तक दोपहर बाद 2 बजे से सायं 7 बजे तक किया जाएगा। मंदिर ट्रस्टियों ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि इस नवाह्नपारायण पाठ में परिवार सहित शामिल होकर अक्षय पुण्य के भागी बनें।

# पंजाबी धर्मशाला में भागवत कथा : मंगल गीतों के बीच धूमधाम से हुआ रुकमणि विवाह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** पंजाबी धर्मशाला, राजगुरु मार्किट में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए श्रीनंद नारायण धाम, श्रीधाम वृंदावन से आये कथा व्यास अरूण कृष्ण गोस्वामी ने कृष्ण-गोपी प्रेम व रुकमणि विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। अरूण कृष्ण गोस्वामी ने गोपी शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि जो भक्ति का गोपन करके रखे, वो ही गोपी है। ऐसे भक्तों के संग भगवान स्वयं रास रचाते हैं। आत्मा व परमात्मा का मिलन ही रास है। उन्होंने कहा कि कंस अहंकार का प्रतीक है। प्रभु ने उसका वध किया। उधव ने वृंदावन में आकर जाना कि भगवान की प्राप्ति प्रेम एवं निश्छल भक्ति से होती है। कृष्ण-रुकमणि विवाह प्रसंग का वर्णन झांकी के साथ किया गया। आओ सखी आओ- मुझे मेहंदी लगा दो.. .., आए हम बाराती बारात लेके.. .., रुकमण तो जाएगी दूल्हे कान्हा के साथ.. .., मैंने मेहंदी लगाई रे कृष्ण तेरे नाम की.. .., ले जाएंगे-ले जाएंगे रुकमण तुझे हम ले जाएंगे.. .. आदि भजन गाए तो श्रद्धालु भी झूमने लगे। धूमधाम से दोनों का विवाह हुआ। आज की कथा की समाप्ति पर भागवत की आरती की गई। इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश असीजा, तिलक राज गोस्वामी, गुलशन महाजन, नरेन्द्र दादा, जगत हिंदुजा, सतीश कुमार वासुदेवा, सतीश महाजन, सुशील राजपाल, नीरज असीजा, सुरेन्द्र धमीजा, यशपाल गोस्वामी, हैप्पी गोस्वामी सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। तिलक राज गोस्वामी ने बताया कि कथा आज सायं 3 बजे से 6 बजे तक चलेगी। कथा के समापन पर हवन किया जाएगा। 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे भंडारा चलाया जाएगा।





FLEXIBLE WORK TIMINGS. UNLIMITED EARNINGS.
शुरू किजिए गृहिणी से बिजनेसवुमन बनने का सफर | अपने जीवन की दूसरी पारी शुरू कीजिए एक खास बिजनेस मौके के साथ
BENIFITS
Fixed Salary
International Conventions
Unlimited Income
PF & ESI Benefits
Part-Time/ Full-Time Opportunity



For Registration Call
Pawan Kataria
9215500748
Bharti AXA Life Insurance Company Ltd.
Office 1 & 2, 2nd Floor, Metropolis Mall, Opposite Vidyut Nagar, Hisar

एनकोर्ड तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत बैठक आयोजित : ड्रग तस्करी एवं नशीली दवाओं के इस्तेमाल पर पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान की समीक्षा की

# हिसार के 10 नशा तस्करों की प्रॉपर्टी फ्रिज करने की प्रक्रिया जारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बुधवार को नशीले पदार्थों तथा अवैध नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु अधिकारियों की बैठक ली और ऐसे पदार्थों व दवाओं की तस्करी करने वाले अपराधियों को पकडक़र उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा द्वारा उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि हिसार में 10 नशा तस्कर ऐसे हैं, जिनकी प्रॉपर्टी की पहचान की जा रही है ताकि कानून के तहत उसे फ्रिज किया जा सके।

उन्होंने बताया कि दिनांक 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 तक 52 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 16 मामलों में नशे के सोर्स को भी ट्रैस किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अवधि के दौरान 1 किलो 510 ग्राम हेरोइन, 32 किलो 720 ग्राम अफीम, 11 किलो 903 ग्राम चरस/सुल्फा, 126 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्ट, 48 किलो गांजा और बड़ी संख्या में नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि इसी अवधि में हांसी में 2 किलो 800 ग्राम अफीम, 7 किलो 750 ग्राम सुल्फा, 77 किलो 900 ग्राम गांजा, 85 किलो डोडा पोस्ट व नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 5 मामलों में सोर्स का भी पता लगाया गया।



उपायुक्त प्रदीप दहिया ने आने वाले दिनों में पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एनकोर्ड तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग तस्करी एवं नशीली दवाओं पर अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से ठोस कार्यवाही करने की हिदायत दी। उन्होंने स्कूल, कॉलेज व अन्य सभी शिक्षण संस्थाओं में नशा मुक्ति की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को नशे से ग्रस्त व्यक्तियों के इलाज के लिए अग्रणी कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से उनके परिवारों को प्रोत्साहित करने की हिदायत दी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर नशा मुक्ति केंद्र में भेजा जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनसेफ बिल्डिंगों की पहचान की जाए, जहां नशे से संबंधित कार्य किए जाते है, ऐसी सभी बिल्डिंगों को प्रशासन द्वारा नष्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों द्वारा अर्जित की गई संपतियों को जब्त भी किया जा सकता है। उपायुक्त ने ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए कि वे निरंतर रूप से मेडिकल स्टोर इत्यादि का निरीक्षण करते रहे ताकि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न हो सके। उन्होंने कहा कि सभी एजेंसी एवं संबंधित विभाग तालमेल के साथ कार्य कर जिले को नशा मुक्त बनाने का कार्य करे। उपायुक्त को अवगत करवाया कि माह अप्रैल में नशा मुक्त अभियान के तहत 40 कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा 2500 लोगों की नशा छुड़ाने बारे काउंसलिंग की गई।

इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी कनिका गोयल, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, एसडीएम हांसी मोहित महराणा, नारनौंद एसडीएम प्रवीण कुमार, बरवाला एसडीएम अजय चौपड़ा, पीएमओ डॉ रत्ना भारती सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव 2024 : अभी तक 38 लाख की नकदी सीज की गई, 21 अवैध असला भी बरामद

*उपायुक्त ने सभी टीमों को मुस्तैदी से नाकों पर तैनात रहने की दी हिदायत*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** मंडलायुक्त गीता भारती ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में सभी प्रबंध समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाया जाए। मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए बिंदुओं का अक्षरक्षः पालन किया जाए। बुधवार को चंडीगढ़ से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। बैठक में उपायुक्त प्रदीप दहिया, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा व मकसूद अहमद भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपायुक्त प्रदीप दहिया ने हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को अवगत करवाया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में अभी तक 38 लाख रुपये की नकदी सीज की गई है। इसी प्रकार से कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए चलाए गए अभियान के तहत अवैध असला भी पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। उन्हें जिले में पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव करवाने के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में भी अवगत करवाया गया। उपायुक्त ने बताया कि आचार संहिता लगने के बाद 13 हजार से अधिक शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। उन्होंने कहा कि मतदान और मतगणना प्रक्रिया को अच्छे से संपन्न करवाने के लिए 23 अप्रैल से प्रशिक्षण शिविर आरंभ हो चुका है, जो 3 मई तक चलेगा। बैठक में जिले में हुए चिन्हित अपराधों की समीक्षा भी की गई। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि अभी तक जिले में 77 चिन्हित अपराध के मामले लिस्ट हुए हैं। इनमें से 6 मामलों में जांच जारी है। 44 मामले अंडर ट्रायल हैं, 27 मामलों में निर्णय आ चुका है। इनमें से 18 मामलों में दोषीगणों को सजा हुई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त ने अधिकारियों की भी बैठक ली और उन्हें कहा कि चुनाव के दृष्टिगत विशेष नाका पर पुलिस व एक्साइज विभाग की टीम गंभीरता से निगरानी रखें। चुनाव नजदीक आने पर शराब, असला और नकदी लाने एवं ले जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकार की कोई भी गतिविधि ना होने पाए। किसी भी संदिग्ध वाहन को चेकिंग के बिना न जाने दें। संदिग्ध स्थानों पर भी छापामार कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध शराब का उत्पादन व बिक्री न होने पाए। इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, पीएमओ डॉ रत्ना भारती सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



## पार्टी की जनकल्याणकारी व राष्ट्रवाद वाली नीतियों का प्रचार करें कार्यकर्ता : डॉ. कमल गुप्ता

**स्वास्थ्य मंत्री ने आदमपुर में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित बैठक को किया संबोधित**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 25 अप्रैल :** हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे जन-जन तक पार्टी की जनकल्याणकारी व राष्ट्रवाद वाली नीतियों का प्रचार करें। जनता को समझाएं कि केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों ही देश के हित सुरक्षित है और वे ही देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में ला सकते हैं। डॉ. कमल गुप्ता यहां की गोपीराम धर्मशाला में पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ पदाधिकारियों से कहा कि वे अपने आसपास सभी लोगों को भाजपा की नीतियों के बारे में बताएं और भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए सभी लोगों को प्रेरित करें ताकि भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार बड़े मार्जन से यहां से विजयी हो सके। उन्होंने कहा कि 25 मई को पांचवें चरण में चुनाव होने जा रहा है। वोट देने का अधिकार सबको है। हमें हर नागरिक को बताना है कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही वोट क्यों दें, क्योंकि 500 साल तक हम गुलाम रहे। जब देश आजाद हुआ 1947 में यह विचार उस समय के हुकमुराणों के दिमाग में नहीं आया कि राम मंदिर बनना चाहिए। देश की आजादी के 73 साल बाद भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार ने गुलामी की मानसिकता को तोड़ा। हमने जम्मू कश्मीर में धारा 370 को भी हटाया। इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि हम प्रधानमंत्री के पक्ष में वोट दें। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हमारा 78 हजार वर्ग किलोमीटर आज भी पाकिस्तान ने दबाया हुआ है, उसे समय के लोगों ने कश्मीर में धारा 370 लगा दी। एक देश में दो निशान दो विधान बना दिए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो निशान दो विधान नहीं चलेंगे। आज पुलवामा की बात करें, उडी की बात करें, देश का बदला, किसने लिया। वर्ष 1962 में चीन ने 38 हजार किलोमीटर आज भी दबाया हुआ है। हम पाक अधिकृत क्षेत्र कश्मीर को वापस लेंगे। आज अमेरिका का प्रधानमंत्री भी हमारे प्रधानमंत्री से गले लगकर मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व में शक्तिशाली बनाकर उभरा है। यह सभी कार्य प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से ही संभव हो सका है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. हेतराम बिश्नोई, डॉ. नागरमल, डॉ. श्याम, डॉ. बनवारी लाल, डॉ. आरएन सिंह, पपेंद्र ज्यानी, धर्मवीर जांगड़ा, ओमप्रकाश सिहाग, जेपी पाहवा, डॉ. मनोज, कुलदीप डेलू, अजय बेनिवाल, राजन, मुनीश ऐलावादी, संजय बांगड़वा, अमित पूनिया, चंद्रपाल भादू, डॉ. चौधरी, डॉ. सुनील यादव, अधिवक्ता राकेश, अधिवक्ता रमेश जांगड़ा व बजरंग शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## घर के सामने पानी की टंकियों में मच्छर के लारवा पाए जाने पर 12 मकान मालिकों को स्वास्थ्य विभाग ने थमाए नोटिस

*दोबारा निरीक्षण पर करेगें 300 से 2000 रुपए का चालान : डॉ सुभाष खतरेजा*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** हिसार जिला सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत के आदेशानुसार और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने एरिया प्रभारी एमपीएचडब्ल्यू नूर मोहमद द्वारा बुधवार को शहरी क्षेत्रों में डेंगू और मलेरिया मच्छर के लारवा पाए जाने पर 12 मकान/संस्थान मालिकों को नोटिस थमाया। नोटिस देने के साथ उन्होंने कहा कि दोबारा यदि लारवा मिला तो 300 से 2000 रूपए का चालान किया जायेगा। इसके अलावा बुखार के 9 केसों की रक्त पट्टिकाएं बनाई गई। टीम द्वारा घर- घर जाकर लोगों को पोस्टर बांटकर जागरूक किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि उपायुक्त हिसार प्रदीप दहिया द्वारा कल लघु सचिवालय के सभागार में हुई जिला स्तरीय मलेरिया नियंत्रण कमेटी की मीटिंग में स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों को निर्देश जारी किए गए थे कि लारवा पाए जाने पर कानूनी प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की जाए, क्योंकि अप्रैल माह से डेंगू और मलेरिया के केसों में बढ़ोतरी चिंता का विषय है। डेंगू के केसों के घरों पर विजिट करने स्वास्थ्य विभाग की टीमें स्थानीय डोगरान मौहल्ला में पहुंची जहां लोगों ने अपने घरों के सामने रखी पानी की टंकियों में भारी संख्या में लारवा पैदा किया हुआ था। कूलरों में भी लारवा पनपने लगा है। इसीलिए हर सप्ताह अपने घरों में ड्राई डे मनाते हुए पानी के सभी पात्रों को साफ करके सुखाएं। मलेरिया विभाग के नोडल अधिकारी डॉ अमन और महामारीविद दीपिका ने भी घरों में लारवा पाए जाने पर लोगों को जागरूक किया। उपायुक्त ने नगर निगम आधिकारियों को आदेश जारी किए थे यदि किसी खाली प्लॉट में गंदगी या पानी खड़ा मिलता है तो धारा 188 के तहत सम्बंधित मालिक के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज करवाई जाए। इसके अलावा जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश जारी किए गए हैं कि जहां कहीं भी पानी की लीकेज और सप्लाई लाईन टूटी हुई हैं उन्हें तुरंत रिपेयर करवाएं।





## दूषित पानी पीने से तलवंडी राणा में तीन भैंसों की मौत

*आईजी स्टाफ ने देर रात किया किया घटनास्थल का मुआयना*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा में एक केमिकल की फैक्ट्री से निकलने वाले दूषित/जहरीला पानी पीने से तीन भैंसों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत हिसार सदर पुलिस देकर पशुओं का पोस्टमार्टम करवाने व आरोपी फैक्ट्री मालिक के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग की है। मामले में देर रात हिसार रेंज के आईजी की टीम ने तलवंडी राणा स्थित घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही पुलिस ने इस औद्योगिक इकाई के पास लगे सीसीटीवी कैमरों का रिकार्ड भी खंगाला। हालांकि पुलिस ने मामले में अभी तक अधिक जानकारी देने का इंकार किया है। सदर पुलिस को दी शिकायत व ग्रामीणों के अनुसार बीते रोज मोमन सुपुत्र बुधराम की एक भैंस ने इस औद्योगिक इकाई से निकलने वाला प्रदूषित पानी पिया था। जिसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद पशु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार बीते दिनों ही नरेश कुमार पुत्र धर्मपाल की एक भैंस, रामफल पुत्र हरचंद की एक झोटी, तीन-चार बेसहारा गायों एवं चार-पांच बकरियां भी इसी फैक्ट्री से निकले तेजाब जैसे दूषित पानी के कारण अकाल मौत का शिकार हो चुके हैं। इससे पहले केश कलां एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने उक्त औद्योगिक इकाई के संचालक से करीब तीन माह पहले सडक़/रास्ते किनारे भरे तेजाब का पानी न एकत्र होने का अनुरोध भी किया था। इसके बाद इन एक बार तो इन लोगों ने यह पानी बाहर की तरफ डालना बंद कर दिया, मगर बाद में उन्होंने पहले की तरह ही दूषित पानी बाहर छोड़ना आरंभ कर दिया।



बिना साहस के आप इस दुनिया में कोई काम नहीं कर सकते हैं, साहस ही दिमाग की महानतम विशेषता है।

अरस्तु

## विद्यार्थियों को सिखाए गए एस.एस.बी. इंटरव्यू के गुर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** अथर्वा डिफैंस अकेडमी द्वारा स्थानीय गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को एस.एस.बी. इंटरव्यू के गुर सिखाए गए। 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग अफसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पाण्डे ने सभी छात्रों को डिफैंस मुं अफसर बनने के लिए प्रेरित किया और मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। साइकॉलोजिस्ट अनिल चौधरी ने छात्रों को मनौवैज्ञानिक टैस्ट के बारे में अवगत करवाया ओर मोटिवेशनल कहानियों के माध्यम से सभी को मोटिवेशन दिया। आर्मी के एजुकेशनल इंस्ट्रक्टर और आर्मी मैडिकल कॉपर्स से रिटायर्ड रामफल सिंह ने छात्रों को बताया कि वे डिफैंस को कैसे ज्वाईन कर सकते हैं। गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय प्लेसमेंट डायरेक्टर प्रताप सिंह मलिक ने मुख्य अतिथि, सभी अतिथियों और छात्रों का मान-सम्मान बढ़ाया तथा संस्कृत के श्लोकों के माध्यम से जीवन में कैसे सफलता पाई जाए उन सभी बातों से अवगत करवाया। वर्कशाल में अथर्वा डिफैंस अकेडमी के अध्यापक अमूल्यराज, किरण बेदी तथा गुजवि के सभी प्राध्यापक के सभी प्राध्यापक व अध्यापक मौजूद रहे।

## आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में विश्व पुस्तक दिवस के मौके पर हुआ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में विश्व पुस्तक दिवस के उपलक्ष्य में अनेक प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की गई। बता दें कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य बच्चों में पुस्तकों के प्रति रूचि उत्पन्न करना, किताबों के साथ-साथ लेखकों व कवियों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और पुरातन एवं नवीन साहित्यिक रचनाओं के महत्त्व को बढ़ाना है। इस वर्ष 2024 का अधिकारिक विषय 'रीड योर वे' है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के बच्चों ने पुस्तक प्रदर्शनी में अपनी रूचि दिखाई और विभिन्न लेखकों और उनकी पुस्तकों के विषय में जाना। पुस्तक समीक्षा के साथ साथ सभी कक्षाओं में पुस्तक पठन गतिविधि भी करवाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. कविता जाखड़ ने कहा कि किताबें हमारे ज्ञान के साथ हमारे अंतर्मन को भी विस्तार देती हैं और पुस्तकों से ही हमारे ज्ञान, तर्कशक्ति और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है, इसलिए हम सबको जीवन में आगे बढ़ने के लिए पुस्तकों को अपने साथी के रूप में चुनना चाहिए।

प्रिंटिंग के लिए संपर्क करें

स्कूल की डायरी, कलर इश्तिहार, बड़े पोस्टर, मैगजीन, न्यूज़ लेटर तथा संस्था का अखबार आदि

प्रिंट करवाने के लिए संपर्क करें :

SHYAM KUMAR

M.: 9255273410

E-Mail Id :- dailypathakpaksh@yahoo.in

कार्यालय

दैनिक पाठकपक्ष

33-S Model Town Market, Hisar

# हरियाणा के हर जिला मुख्यालय पर डी.सी. कार्यालय में तैनात सिटी मैजिस्ट्रेट डिप्टी डी.ई.ओ. के रूप में पदांकित नहीं

## 5 वर्ष पूर्व मामला उठाने के पश्चात भारतीय चुनाव आयोग ने किया था स्पष्ट : एडवोकेट हेमंत

-पाठकपक्ष न्यूज-

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल :** हरियाणा प्रदेश में हर जिला मुख्यालय पर उपायुक्त डीसी) कार्यालय में तैनात सिटी मैजिस्ट्रेट (नगराधीश), जो एक जूनियर स्केल का एच.सी.एस. कैडर का अधिकारी होता है, को अपने सम्बंधित ज़िले के उप जिला चुनाव अधिकारी (डिप्टी डी.ई.ओ.) के रूप में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा कानूनन पदांकित नहीं किया गया है।

5 वर्ष पूर्व 2019 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट हेमंत कुमार द्वारा भारतीय चुनाव आयोग में दायर एक आर.टी.आई. याचिका के जवाब में आयोग के केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ऐसी जानकारी प्रदान की गई थी। उपरोक्त आर.टी.आई. याचिका में न केवल भारतीय चुनाव आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में जारी अधिसूचना/आदेश की प्रति की मांग की गई थी बल्कि इसके साथ इस सम्बन्ध में भी जानकारी मांगी थी कि अगर भारतीय चुनाव आयोग द्वारा ऐसा किया गया है, तो ऐसा लोक प्रतिनिधित्व कानून (आर. पी. एक्ट), 1950 या लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 या किसी अन्य कानून की किन धाराओं के अंतर्गत एवं किन प्रावधानों के तहत किया गया।

हेमंत ने बताया कि दरअसल हरियाणा के तत्कालीन मुख्य चुनाव अधिकारी (सी.ई.ओ.) द्वारा साढ़े 18 वर्ष पूर्व नवंबर, 2005 में एक सरकारी-आदेश जारी कर ऐसा पदांकन किया गया था हालांकि उस आदेश में यह स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि वर्ष 1950 और 1951 के लोक प्रतिनिधित्व कानूनों में न तो इस पद (डिप्टी डीईओ) का कोई उल्लेख है एवं न ही ऐसा करने का कोई प्रावधान है। ऐसा केवल सम्बंधित ज़िलों के उपायुक्तों (डी.सी.), जो अपने ज़िले के पदेन जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) भी होते है, के कार्यभार को बांटने एवं कम करने के उद्देश्य से किया जा रहा है हालांकि यह भी स्पष्ट किया गया कि सिटी मजिस्ट्रेट उप जिला चुनाव अधिकारी (डिप्टी डीईओ) के रूप में किसी भी परिस्थिति में जिला चुनाव अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग नहीं करेगा। उक्त जारी आदेश को हरियाणा के तत्कालीन राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा राज्य के सभी उपायुक्तों को तो भेजा गया परन्तु इस बाबत हरियाणा सरकार के राजपत्र (गजट) में कोई अधिसूचना नहीं प्रकाशित करवाई गयी क्योंकि कानूनन ऐसा पदांकन नहीं किया जा सकता था।

बहरहाल, चुनाव आयोग के साथ ही हेमंत द्वारा चंडीगढ़ स्थित मुख्य चुनाव अधिकारी, हरियाणा के कार्यालय में भी इस बाबत एक आर.टी.आई. याचिका दायर की गई थी जिसके जवाब में कार्यालय द्वारा पहले यह सूचित किया गया कि इस बाबत सम्बंधित फाइल अभी उपलब्ध नहीं है एवं उस फाइल को कार्यालय में ढूंढा जा रहा है। परन्तु जब भारतीय चुनाव आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में जानकारी दे दी गयी कि उसके द्वारा सिटी मैजिस्ट्रेट को डिप्टी डीईओ पदांकित करने संबंधी कोई अधिसूचना या आदेश जारी नहीं किया गया, तो इससे स्पष्ट हो गया कि हरियाणा के सीईओ के पास भी ऐसा कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं होगा।

हेमंत ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में उप जिला चुनाव अधिकारी (डिप्टी डीईओ) शब्द का कोई उल्लेख ही नहीं है। उक्त 1950 कानून की धारा 13 एए के अंतर्गत भारतीय चुनाव आयोग द्वारा सम्बंधित राज्य सरकार के साथ परामर्श के पश्चात राज्य के हर ज़िले के लिए किसी सरकारी अधिकारी को जिला चुनाव अधिकारी के तौर पर पदांकित किया जाता है। हालांकि उक्त धारा के परन्तुक में यह भी प्रावधान है की अगर चुनाव आयोग चाहे, तो किसी ज़िले के लिए एक के अधिक ऐसे अधिकारी भी पदांकित या मनोनीत कर सकता है अगर उसे प्रतीत होता है कि किसी एक अधिकारी द्वारा इस पद के कार्य संतोषजनक रूप में नहीं किये जा सकेंगे। परन्तु इसके आगे यह भी प्रावधान है कि अगर चुनाव आयोग ऐसा करता है, तो उसे अपने आदेशों में उन पदांकित किये गए एक के अधिक जिला चुनाव अधिकारियों के कार्य और अधिकार-क्षेत्र स्पष्ट करने पड़ेंगे। हेमंत ने बताया कि हालांकि उक्त प्रावधान में भी उप जिला चुनाव अधिकारी के पदनाम का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। ज्ञात रहे कि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी, चुनाव पंजीकरण अधिकारी, सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारी आदि सभी के पदांकन का उल्लेख लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की प्रासंगिक धाराओं में तो है परन्तु उप जिला चुनाव अधिकारी (डिप्टी डीईओ) का कहीं नहीं है। इसके अलावा हेमंत ने बताया कि रिटर्निंग अफसर (चुनाव अधिकारी) एवं असिस्टेंट रिटर्निंग अफसर (सहायक चुनाव अधिकारी) का उल्लेख लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों में है। लिखने योग्य है कि चुनावो से सम्बंधित अधिकारियों का पदांकन केवल भारतीय चुनाव आयोग द्वारा ही किया जा सकता है एवं वर्ष 1950 एवं 1951 के लोक प्रतिनिधितत्व अधिनियमों में इस सम्बन्ध में उल्लेख होना आवश्यक है।

# अस्पताल का भवन बनाने में ताक पर नियम : सैलजा

## पंचकूला सेक्टर-6 में 11 मंजिला जनरल अस्पताल की बिल्डिंग बनाने का मामला



पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि घोटालों की भाजपा सरकार में एक और ताजा घोटाला सामने आया है। यह मामला पंचकूला सेक्टर-6 में 11 मंजिला जनरल अस्पताल की बिल्डिंग बनाने के दौरान खामियां छोड़ने का है। इस बिल्डिंग निर्माण का बजट 47 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 113 करोड़ कर दिया गया, लेकिन बिल्डिंग में उस तरह के इंतजाम ही नहीं किए गए, जो अस्पताल में होने चाहिए। अब सरकार को बिल्डिंग का स्पेशल ऑडिट कराने के बाद ही ठेकेदार को भुगतान किया जाना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 2014 के बाद से प्रदेश में समय-समय पर नए-नए घोटाले सामने आ रहे हैं। हर बार घोटाले को अंजाम देने का तरीका भी बदल लिया जाता है। कोई विभाग ऐसा नहीं बचा है, जिसमें सत्ता के आशीर्वाद के कारण कोई बड़ा खेल न खेला गया है। एक भी घोटालेबाज को आज तक सजा नहीं हुई, जिससे साफ है कि घोटाले के बाद नीचे से ऊपर तक हिस्से बंटते रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिल्डिंग का हैंडओवर लेने से पहले डॉक्टरों की टीम ने दौरा किया तो उनकी आंखें खुली की खुली रह गई। डॉक्टरों के कमरों, कॉन्फ्रेंस हॉल, मरीजों के वार्ड के अंदर सीवरेज की पाइप ओपन ही डाल दी है। कुछ फ्लोर पर एसी डक्ट भी ओपन ही इंस्टॉल की गई है। जब टीम ने पीडब्ल्यूडी अफसरों के सामने इन्हें कवर करने की बात कही तो उन्हें बताया गया कि बिल्डिंग में फॉल सीलिंग का प्रावधान ही नहीं है। ऐसे में 11 मंजिला बिल्डिंग में जब भी सीवरेज का पाइप लीक होगा या एसी डक्ट कहीं से टपकेगी तो कमरों में बैठना भी दूभर हो जाएगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि कमीशनखोरी के लिए अस्पताल की बिल्डिंग की लागत को 47 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 82 करोड़ किया गया। फिर इसे 93 करोड़ और बाद में 113 करोड़ कर दिया गया। इससे साफ है कि बिल्डिंग में अस्पताल के मुताबिक सुविधाएं उपलब्ध कराने से अधिक ध्यान बजट के बढ़ाने की तरफ ही रहा। अन्यथा, थर्ड फ्लोर पर बनाए जा रहे 06 ऑपरेशन थियेटर में से सिर्फ 01 को ही मॉड्यूलर न बनाया जाता। समय की जरूरत के मुताबिक सभी 06 ओटी को मॉड्यूलर बनाया जा सकता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित ओपीडी, लैब या सैंपल कलेक्शन सेंटर्स पर हाथ धोने तक की सुविधा नहीं दी गई है। जबकि, डॉक्टर्स से लेकर पैरा मेडिकल स्टाफ या ब्लड सैंपल लेने वाले एलटी, यहां तक की मरीजों को हाथ धोने की जरूरत पड़ जाती है। अस्पताल में हैंड वॉश का इंतजाम न करना दर्शाता है कि जानबूझकर निर्माण के दौरान इन सब कमियों को छोड़ा गया है, ताकि फिर से बजट बढ़ा कर सरकारी धन की बंदरबांट की जा सके।

## नैना चौटाला ने महिलाओं की टीम के साथ चलाया चुनाव प्रचार अभियान

# आपका एक-एक वोट मुझे जन सामान्य के हकों के लिए संसद में पहुंचाने में सहायक होगा : नैना चौटाला



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 25 अप्रैल :** जननायक जनता पार्टी की हिसार लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार श्रीमती नैना चौटाला पिछले एक सप्ताह के दौरान हिसार शहर में 150 से अधिक कार्यक्रम कर चुकी हैं, इसके बावजूद प्रस्तावित कार्यक्रमों की सूची लगातार लम्बी होती जा रही है। प्रचार अभियान की कड़ी में श्रीमती नैना चौटाला ने महिला टीम के साथ हिसार शहर के सिटी थाना रोड़, भगत सिंह चौक, टिब्बा दानाशेर, सूर्य नगर, मॉडल टाउन में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को सम्बोधित करते हुए जजपा उम्मीदवार नैना चौटाला ने कहा कि पूरे हिसार लोकसभा में मुझे वही प्यार, स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है जो किसी भी लड़की को उसके पीहर में मिलता है। मैं भी मेरे हिसार लोकसभा के परिवार को यकीन दिलाती हूँ कि सांसद बनने के बाद विकास कार्यों कि ऐसी झड़ी लगाउंगी कि पिछले सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे। आने वाली 25 मई को चाबी के निशान पर लेने वाला आपका एक-एक वोट मुझे जन सामान्य के हकों के लिए संसद में पहुंचाने में सहायक होगा। इस अवसर चेयरमैन राजेंद्र लितानी, जिलाध्यक्ष अमित बूरा, सज्जन लावट, तरुण गोयल,सरोज डूडी, पंकज मेहता, विपिन गोयल, महिला जिलाध्यक्ष सुमित्रा मंगाली, चित्रा डाबड़ा, दर्शना लाठर, निर्मला रेढ़ू, जितेंद्र भ्याना, रवि आहूजा, नरेन्द्र कुकरेजा, गुड्डू लहंगेवाला,अनिल शर्मा पार्षद, नरेश कम्प्यूटर, ओमप्रकाश पुजारी, सतपाल पालू, राजेश झाझड़िया, योगेश आर्य, कुणाल कथुरिया, सुनील रावत, अमन असीजा, देशराज कक्कड़, राजू मेहता, अमित भयाना, योगेश गौतम, मनोज सिवाच, रमेश बैनिवाल, मोहित अरोड़ा आदि मौजूद थे।

# तलवंडी राणा के स्थायी रोड की पैमाइश के लिए पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अधिकारी

## ग्रामीणों ने सीएम से मिलकर उठाई थी 2.3 कि.मी. का स्थायी रोड दिए जाने की मांग



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 25 अप्रैल :** 14 महीन से भी अधिक समय से धरने पर बैठे ग्रामीणों का संघर्ष रंग लाया है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही स्थायी रोड की मांग पर सरकार ने कार्यवाही शुरू की है जिसे लेकर आज पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग के अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया। तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने बताया कि वे ग्रामीणों के साथ स्थायी रोड की मांग को लेकर गत दिवस मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित उनके आवास पर मिले थे। मुख्यमंत्री ने हमारी बात को बड़ी गंभीरता से और अच्छे ढंग से सुना। ओ.पी. कोहली ने सी.एम. को बताया कि 2.2 कि.मी. का जो रोड सरकार ने बनाकर दिया है उसे पुराने रोड से ही जोड़ दिया गया है जो कि हवाई अड्डे की एक्वायर की हुई जमीन में आ चुका है। अगले साल ही हवाई अड्डे की तीसरी पट्टी का विस्तार होते ही उस रोड को उखाड़ दिया जाएगा। हमारी मांग है कि हमें हवाई अड्डे की बाहरी सीमा के साथ-साथ धांसु गैस प्लांट तक लगभग 2.3 कि.मी. का रोड दिया जाए जिससे ग्रामीणों को स्थायी सड़क मार्ग मिल जाएगा और समस्या का पूरी तरह से समाधान हो जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने हमारी मांग को जायज बताते हुए कहा कि वह रोड बंद हो जाने से आमजन व ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी चुनाव के दौरान तलवंडी राणा गांव में आ चुके हैं। हवाई अड्डे के चलते जो रोड बंद हुआ है उससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। इसलिए आप द्वारा मांगे जा रहे रोड को जल्द देकर ही आपका धरना समाप्त करवाएंगे। ओ.पी. कोहली ने बताया कि मुख्यमंत्री ने चीफ सैक्रेटरी को इस मामले से अवगत करवाया जिन्होंने स्थायी रोड को लेकर चीफ इंजीनियर पी.डब्ल्यू.डी बी एंड आर को निर्देश दिए जिसके बाद आज पी.डब्ल्यू.डी. बी एंड आर विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जमीन की पैमाइश व मुआयना किया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष ओ.पी. कोहली व ग्रामीण अधिकारियों के साथ थे। उन्होंने बताया कि धांसु गैस प्लांट से राणा माइनर तक पैमाइश के दौरान इस रोड की दूरी मात्र 2.3 कि.मी. की निकली जो कि 34 एकड़ जमीन में से होकर गुजरेगा इसके लिए लगभग 60 कनाल जमीन ही एक्वायर की जानी है। एडवोकेट कोहली ने कहा कि हमारा संघर्ष ला रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने ग्रामीणों की तकलीफ को समझते हुए तुरंत इस मामले में संज्ञान लिया और तुरंत रोड को लेकर आदेश जारी किए।

# सी-विजिल एप पर अभी तक 164 शिकायतें मिली, 129 का हुआ समाधान

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 25 अप्रैल :** लोकसभा आम चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए सी-विजिल एप के माध्यम से अब तक जिले में 164 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 35 शिकायत सही न होने के चलते ड्रोप कर दी गई और 129 शिकायत सही पाए जाने पर निर्धारित समय में समाधान कर दिया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सी-विजिल मामलों के नोडल अधिकारी कुलभूषण बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप के माध्यम से अधिकतम सौ मिनट की समय सीमा में प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस ऐप पर अधिकतर शिकायत अवैध होर्डिंग्स एवं फ्लेक्स के संदर्भ में आई हैं। नोडल अधिकारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे नियमों के उल्लंघन पर ही शिकायत करें। कई नागरिक ऐसे भी हैं जो ऐसी शिकायत भी करते हैं, जो गलत होती हैं और कई तो चुनाव से भी संबंधित नहीं होती। इससे चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों का बेवजह समय खराब होता है। सी-विजिल के माध्यम से कोई भी व्यक्ति आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दे सकता है। इस ऐप की सबसे खास बात यह है कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाने का भी विकल्प है। कोई भी व्यक्ति एंड्रॉयड आधारित सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकता है।

# जिला शतरंज टीम का चयन व जिला स्तर शतरंज प्रतियोगिता 28 को

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 25 अप्रैल :** जिला शतरंज एसोसिएशन हिसार की तरफ से हिसार जिला टीम आयु वर्ग 9 व 17 साल और ओपन के लड़के और लड़कियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 9 और 17 की टीम का चयन डीएन कॉलेज हॉस्टल के सामने स्थित अग्रसेन कॉलोनी स्थित नारायणी सेवा संस्थान में हिसार शतरंज एसोसिएशन की तरफ से आयोजित की जाएगी, जिसमें जिला प्रतियोगिता की अध्यक्षता पूर्व रणजी क्रिकेट प्लेयर व पूर्व जिला खेल अधिकारी जीआर गोयल, गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉक्टर शशि भूषण लूथरा की अध्यक्षता में आयोजन किया जाएगा। हिसार से सिलेक्टेड होने वाले सभी खिलाड़ियों को टीम टी-शर्ट संगठन की तरफ से दी जाएगी वहीं खिलाड़ियों का जिला स्तर पर ही शतरंज के कैंप आयोजित किए जाएंगे साथ ही खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए हिसार के शतरंज के सीनियर खिलाड़ियों के द्वारा अभ्यास करवाया जाएगा। इस मीटिंग के दौरान सुशील गर्ग को आयोजन अध्यक्ष जबकि आयोजन सचिव नीरज वर्मा, सह आयोजक सचिव सीए मोहित गर्ग, संगठन के कोच कुलदीप, कोच चंदन चावला,मीडिया प्रवक्ता अनिल महाजन एग्जीक्यूटिव मेंबर सतीश भूटानी, डॉक्टर बलजीत गिरधर भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए आयोजन कमेटी ने बताया कि जिला प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की पंचकूला में 17 /18 मई को आयोजित होनी है उसमें आयु वर्ग 9 और 17 साल के लड़के और लड़कियां भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला हिसार शतरंज एसोसिएशन के कोच बलजीत गिरधर, सदस्य कुलदीप कुमार, सीए मोहित गर्ग, दीपांशु राठी, सतीश भूटानी मौजूद रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान द्वारा हनुमान जयंती के पावन दिवस पर ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया : नीरज गुप्ता



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 25 अप्रैल :** आर्ट ऑफ लिविंग के वैदिक धर्म संस्थान की ओर से हनुमान जयंती के पावन दिवस पर ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से आर्ट ऑफ लिविंग की भक्ति की शक्ति टीम द्वारा हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक दिन दुनिया भर से हज़ारों लोगों जुड़े और उनको अद्भुत अनुभूति हुई है। नीरज गुप्ता ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर सायं 7 बजे से ऑनलाइन हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किया गया जिसमें जूम और फ़ेसबुक के माध्यम से देश भर से हज़ारों भक्त जुड़े। परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर चामुंडा देवी शक्ति पीठ से जुड़ते हुए अपने संदेश मे बताया कि एक बार श्री राम ने हनुमान जी से खुद पूछा - तुम तो हमसे मज़बूत हो ही, तुमको कैसा लगता है, हनुमान माने क्या होगा? हनुमान बनके रहना कैसा लगेगा? तब हनुमान जी बोले - जब मैं देह बुद्धि वाला होता हूँ, तब मैं आपका दास हूँ; मगर जब मुझमें जीव बुद्धि आ जाती है, तब मैं आपका एक अंश हूँ; मगर आत्म बुद्धि में जब पूछेंगे तो मेरी आत्मा और आपकी आत्मा एक है। मैं आपसे अलग नहीं हूँ, आप मुझसे अलग नहीं हैं। गुरुदेव ने कहा कि सबने भाव से पाठ किया। उन्होंने कहा कि भगवान तो सब जगह होते हैं और भक्त कहीं कहीं होते हैं, भक्त जग जाएं तो भगवान आ जाते हैं। भगवान तो सब जगह है, कण कण में भगवान है। हमारे भीतर भक्ति जग जाए तो काम हो गया। भक्ति जगाने के लिए हम भजन करते हैं पाठ करते हैं, यह सब करने का मुख्य उद्देश्य भक्ति को जगाने के लिए हैं। भक्ति जग जाए तो जीवन में तृप्ति है अन्यथा अतृप्ति रहती है। जीवन में जब तृप्ति होती है तो मनोकामनाएँ भी पूरी होने लगती है।

# डीपीएस, हिसार ने हर्षोल्लास से मनाया 21वां संस्थापना दिवस




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 25 अप्रैल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल, हिसार का 21वाँ संस्थापना दिवस बड़े ही उत्साह, उमंग और हर्ष से मनाया गया। वर्ष 2003 के प्रथम सत्र के आरंभ से ही विद्यालय हिसार जिले में अपनी श्रेष्ठता का परिचय विभिन्न स्तरों पर दे रहा है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन भी किया गया। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का श्रीगणेश माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करने से हुआ। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए गीतों, कविताओं, भाषण, नाट्यमंचन और नृत्य के माध्यम से भावाभिव्यक्ति का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। जहाँ एक तरफ ये सभी कार्यक्रम ज्ञान-वर्धक थे तो वहीं दूसरी ओर मनोरंजन से भी भरे हुए थे। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मंजु सुधाकर ने विद्यालय परिवार के प्रत्येक कर्मचारी, प्रत्येक विद्यार्थी को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए अपने वक्तव्य के माध्यम से कहा कि निःसंदेह विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा दी जाती है तथा हमारा विद्यालय आधुनिकता और नैतिक मूल्यों की परंपरा को ध्यान में रखते हुए उनमें सामंजस्य स्थापित करते हुए विद्यार्थी को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभाने के लिए तैयार भी करता है। पिछले 21 वर्षों में विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थियों ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हमारे विद्यार्थियों ने ज्ञान-विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अपने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया है। प्राचार्या महोदया ने इस सुअवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर, विद्यालय प्रबंधन समिति, कर्मठ एवं कार्य के प्रति समर्पण भाव रखने वाले सभी अध्यापक वर्ग के अथक परिश्रम के लिए उन्हें बधाई दी और ईश्वर से प्रार्थना की कि विद्यालय इसी तरह समाज के प्रत्येक स्तर पर नित नई ऊँचाइयों को छूता रहे तथा दिन दोगुनी, रात चौगुनी उन्नति तथा प्रगति करता रहे।

# ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्था में उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्वक शिक्षा की नितांत आवश्यकता : डॉ. रमेश आर्य

## राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार और दा सिनर्जी आईएएस अकैडमी हिसार के बीच सहमति ज्ञापन हुआ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** आज के युग में शिक्षा मानव जीवन के लिए अति आवश्यक है। शिक्षा के बिना विद्यार्थी जीवन अधूरा है। शिक्षा ही मनुष्य को सोचने समझने की क्षमता प्रदान करता है। आज के समय में मनुष्य का आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहना बहुत आवश्यक है जो केवल शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार और दा सिनर्जी आईएएस अकैडमी के बीच सहमति ज्ञापन किया गया। दा सिनर्जी आईएएस अकैडमी की तरफ से श्रीमती मोनू चहल व श्रीमान मुकेश गोयल ने और महाविद्यालय की तरफ से प्राचार्य महोदय डॉ. रमेश आर्य व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती मंजू लता ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य है डॉक्टर रमेश आर्य ने बताया कि वर्तमान में ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्था में उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्वक शिक्षा की नितांत आवश्यकता है जो विद्यार्थी को आत्मनिर्भर बना सके, कौशल से जोड़ सके और जो विद्यार्थी को नशे पत्ते से दूर रखकर अच्छे संस्कारों से जोड़ सके। राजकीय महिला महाविद्यालय 2003 से और सिनर्जी आईएएस अकैडमी 2015 से शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संलग्न रहे हैं । सहमति ज्ञापन के बाद दोनों संस्थाएं मुख्य रूप से विद्यार्थियों के विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए प्रयास करेगी। इसके लिए विभिन्न सेमिनार, कार्यशाला, विस्तार व्याख्यान करवाए जाएंगे, जिसका लाभ अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। सिनर्जी आईएएस अकैडमी से आई मोनू चहल और मुकेश गोयल ने बताया कि हमारे संस्थान ने गत वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जैसे सिविल सर्विसीज, कॉलेज लेक्चरर नेट, जेआरएफ तथा अलग-अलग सरकारी क्षेत्र में अंतिम चयन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संस्था ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निशुल्क सेवाएं देकर अपनी सामाजिक भागीदारी निभाने की कोशिश की है। इस संस्थान में फैकल्टी अपने अच्छे अनुभव तथा अपने अच्छे एजुकेशनल क्वालीफिकेशन के साथ बच्चों को सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार से श्रीमान सतीश सिंगला और अर्थशास्त्र प्राध्यापिका कुमारी बिमला देवी उपस्थिति रही।

# गेहूं व सरसों उठान में देरी करने पर सरकार को ठेकेदार व सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए : बजरंग गर्ग





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** व्यापारियों की मीटिंग अनाज मंडी उकलाना में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में व्यापारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी उकलाना में गेहूं खरीद का जायजा लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि हैफेड व वेयरहाउस के सरकारी कांटे के तोल में गड़बड़ी बताई जा रही है। व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार 1 क्विंटल हर अनाज पर हैफेड व वेयरहाउस का सरकारी कांटे में लगभग 200 ग्राम कम दिखा रहा है। सरकार को हैफेड व वेयरहाउस के कांटे की तुरंत जांच करके दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और अनाज जो कांटे पर कम तोला गया है उसकी तुरंत भरपाई सरकार को करनी चाहिए। बजरंग गर्ग सरकार की गलत नीतियों से लगातार व्यापार व उद्योग पिछड़ते जा रहे हैं और हरियाणा में आढ़ती, किसान व मजदूर बर्बादी की कगार पर है। अनाज मंडी में आढ़तियों को आढ़त नहीं मिलती, किसान को फसल के दाम व पल्लेदारों को मजदूरी नहीं मिलती। किसान अपनी गेहूं बेचने के लिए 1 अप्रैल से मंडियों में धक्के खा रहे हैं जबकि सरकार द्वारा गेहूं की खरीद, उठान व भुगतान के सभी दावे पूरी तरह से फेल सिद्ध हुई हैं। मंडियां गेहूं से भरी हुई है। लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं मंडी व मंडियों के बाहर खुले में पड़ा है। हरियाणा में बार-बार बारिश होने के कारण लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों खराब हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार हरियाणा में आगे भी बारिश होने की पूरी संभावना है अगर गेहूं व सरसों का उठान मंडियों से नहीं होता है तो खुले में जो लाखों मीट्रिक टन गेहूं व सरसों पड़ा है वह भी खराब हो जाएगा। सरकार को तुरंत प्रभाव से गेहूं व सरसों का उठान व भुगतान करना चाहिए। जो भी सरकारी अधिकारी व अनाज मंडी के ठेकेदार गेहूं व सरसों उठान में देरी करें सरकार को उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि किसान व आढ़ती को बर्बादी से बचाया जा सके। सरकार को गेहूं, सरसों व हर अनाज खरीद से पहले हर प्रकार की व्यवस्था सुचारू रूप से करनी चाहिए। सरकार को हर अनाज की खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से करनी चाहिए। गेहूं, सरसों और हर अनाज खरीद का उठान मंडी के आढ़तियों के माध्यम से करवाना चाहिए ताकि किसान व आढ़ती को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। श्री गर्ग ने कहा कि व्यापारी व किसान का चोली दामन का सदियों से साथ है और आगे भी रहेगा जबकि सरकार व्यापारी व किसान का भाईचारा खराब करने में लगी हुई है जो कभी भी नहीं होगा किसान देश का अन्नदाता है। किसान का बेटा खेतों से लेकर देश की सीमाओं तक देश की रक्षा कर रहा है। इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन प्रधान धर्मपाल धायल, उप प्रधान सचिन अरोड़ा, पूर्व प्रधान सुभाष फिरोजपुरिया, व्यापार मंडल युवा प्रधान विनोद मित्तल, वैश्य समाज प्रधान सुरेश गर्ग, उप प्रधान राजकुमार गर्ग, सतीश दनौदा, सीनू बंसल, रामनिवास, सर्व व्यापार मंडल प्रधान महेश बंसल, सचिव श्याम सुंदर बंसल, चंद्र छिरंग, विक्की बोलान, कृष्ण थाकन, हैप्पी ग्रोवर, गुलशन ठकला, होशियार सिंह आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# हिसार बार में न्यायिक अधिकारियों के सम्मान में विदाई एवं स्वागत समारोह





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** बार रूम में जिला बार एसोसिएशन हिसार द्वारा हिसार न्यायालय से स्थानांतरित होकर अन्य स्थानों जाने वाले न्यायिक अधिकारियों निधि सोलंकी, सोनिया, हरजोत कौर, अंतरप्रीत सिंह व अभिषेक चौधरी की विदाई हेतु व स्थानांतरित होकर हिसार जिले में आए अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सौरभ खत्री व अमरजीत सिंह के स्वागत हेतु समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बार के प्रधान विनय बिश्नोई व मंच का संचालन बार के सचिव गौरव बैनीवाल द्वारा किया गया। सचिव बैनीवाल ने समारोह में आये हुए सभी अतिथियों का बार में पधारने पर बार की तरफ से स्वागत किया। इस मौके पर हिसार बार के उपप्रधान विनोद कस्वां, सह सचिव प्रवीण नैन, कोषाध्यक्ष दिकशेष जाखड़ सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। समारोह में नवनियुक्त व स्थानांतरित जजों ने भी बार को सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखे व बार का धन्यवाद किया। प्रधान बिश्नोई ने समारोह को सम्बोधित करते हुए हिसार न्यायालय में नवनियुक्त न्यायिक अधिकारीयों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उनसे बार व बैंच के बीच अच्छे तालमेल के साथ काम करने की आशा की व स्थानांतिरत जजों के कार्यो की सराहना की।

# बेबी सुधा रानी की स्मृति में धार्मिक समारोह का आयोजन









**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** पूर्व मंत्री प्रोफेसर छत्रपाल सिंह की बहन स्वर्गीया बेबी सुधा रानी की 12वीं पुण्यतिथि के उपलक्षय में डीसी कॉलोनी पार्क हिसार में स्मृति श्रद्धांजलि सभा व धार्मिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकीर्तन द्वारा ईश वंदना की गई। बेबी सुधा रानी ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर मेडिकल कैंप, खेलो ,रोजगार शिक्षा, प्रेरणा शिविर व आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बेबी सुधा रानी एक मेधावी प्राध्यापिका थी जिसने तहसीलदार और एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के पदों पर भी काम किया था। प्रोफेसर छत्रपाल ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।

# सेंट कबीर विद्यालय की निदेशिका नेहा सिंह तथा प्रधानाचार्या नीरू महतानी को मिला 'एजुआइकॉन अवार्ड'






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रयासरत सेंट कबीर विद्यालय निदेशिका नेहा सिंह तथा प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू महतानी को 'ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम' द्वारा 'एजुआइकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। स्कूल लीडर्स द्वारा शैक्षणिक क्षेत्र में उपलब्धियों के सम्मान हेतु इस समारोह का आयोजन 20 अप्रैल को गुरुग्राम के लीला एंबिएंस होटल में किया गया, जहां सेंट कबीर के इन चमकते सितारों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी से नवाज़ा गया। समस्त सेंट कबीर परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधक श्री विजय सिंह तथा विद्यालय संरक्षिका श्रीमती सविता सिंह ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

# मोक्ष वृद्धाश्रम में वृद्ध केयर फाउंडेशन के क्लाउंसर ने बुजुर्गों को खूब हंसाया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** बुजुर्गों की सेवा के लिए पूरी तरह समर्पित मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के उल्लासमय व सरस जीवन के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां की जाती हैं। इसी कड़ी में वृद्ध केयर फाउंडेशन के क्लाउंसर ने मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों को खूब हंसाया और अपने अनूठे क्रियाकलापों से वृद्धों में नव ऊर्जा का संचार कर दिया। वृद्ध केयर फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों की दिनचर्या को समझा और उनके साथ काफी समय भी व्यतीत किया। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि जोकर के रूप में सामने आए स्वयंसेवकों को देखकर एकबारगी तो बुजुर्ग हतप्रभ रह गए। जब जोकर का प्रतिरूप बने स्वयंसेवकों की वास्तविकता उन्हें पता लगी तो सभी बुजुर्ग प्रसन्नचित दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि कैमरी रोड पर स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में विभिन्न अवसरों पर कई आयोजन किए जाते हैं। मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को आवास, भोजन, वस्त्र व समुचित चिकित्सा संबंधी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि मोक्ष वृद्धाश्रम में लावारिस, परिवार से बिछड़े व अवसाद के कारण अपने घर से दूर निकल आए बुजुर्गों की समुचित देखभाल की जाती है। मोक्ष वृद्धाश्रम में महिलाओं के लिए मंदबुद्धि आश्रम का संचालन भी किया जा रहा है। पुलिस भी कई बार मंदबुद्धि या मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाओं को यहां पुनर्वास के लिए भेज देती है। यहां पर महिलाओं का समुचित ध्यान रखने के साथ-साथ उनका यथासंभव इलाज भी किया जाता है। बहुत से परिवार जन्मदिन, सालगिरह या त्योहार मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ मिलकर मनाते हैं।

# दिलबाग हुड्डा लुदास ने किया लोकसभा हिसार का दौरा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** किसान नेता दिलबाग हुड्डा ने गत दिवस अपनी टीम के साथ लोक सभा हिसार में आने वाले गांव ब्याना खेड़ा, हैबतपूर, राखी शाहपुर, अमीर पूर, आदि गाँव का दौरा किया। जहां सभी वर्गों के लोगों से किसान मजदूरों से मूलाकटत हुई और कहा कि बीजेपी ने सभी वर्गों के साथ धोखा किया है, जात-पात, धर्म, क्षेत्रवाद की राजनीति की है। हुड्डा ने कहा कि पहले किसान को 3 काले कानूनों के चलते और फिर जवान को अग्नि वीर योजना के चलते धोखा दिया, फिर महिला पहलवानों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया। महिला सुरक्षित नहीं है, बेरोजगारों की बारात निकल रही है, महंगाई अपने चरम पर है, इसलिए बीजेपी को किसी भी तरह उखाड़ फैंकने का काम करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के अलावा किसी भी अन्य दमदार विपक्ष को चुन कर जनता को अपना दायित्व निभाना चाहिए। इस मौके पर रामबीर ढांडा, सेवा सिंह, विजय जागलान, अमर सिंह श्योराण, मंगेश खटकड़, बिजेंद्र बेनीवाल आदि मौजूद थे।

# दूध और खाद्य उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इकाई ने दूध के नमूने लेने की मांग की



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** समाजसेवी संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हिसार इकाई ने दूध और खाद्य उत्पादों में मिलावट पर अंकुश लगाने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। संगठन के हरियाणा प्रान्त अध्यक्ष नवीन जैन ने ज्ञापन सौपते हुए दूध के नमूनों की जांच कराने, खाद्य उत्पाद नमूना लेने एवं प्रयोगशाला स्थापित करने की मांग की। ग्राहक पंचायत ने कहा कि खाद्य पदार्थों के परीक्षण प्रयोगशाला वर्तमान में यदि सम्भव न हो तो सप्ताह में दो दिन मोबाइल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, मोबाइल वैन को उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही हिसार में एक स्वतंत्र प्रभार खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया जाए तथा टीम में उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधि को भी शामिल किया जाए। संगठन मंत्री सुमित सैनी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए निरीक्षण दल गठित हो। देश में वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ो के अनुसार दूध की अनुमानित खपत इसके उत्पादन से अधिक है और प्राय देखा गया है कि सिंथेटिक दूध मिलावटखोरों द्वारा बेचा जाता है। आम जनता के लिए दूध के नमूनों की निशुल्क जांच के लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएं ताकि आम जनता के जीवन को मिलावटी खाद्य पदार्थों से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्ति मिल सके। इस अवसर पर संगठन मंत्री सुमित सैनी, रमेश गर्ग, मोहन गौतम व अमित शर्मा मौजूद थे।

# स्वास्थ्य दर्पण : निमोनिया



**-पाठकपक्ष डेस्क-**

निमोनिया एक गंभीर श्वास रोग है जो फेफड़ों में संक्रमण केकारण होता है। यह रोग वायरल, बैक्टीरियल, या फंगल संक्रमण के कारण हो सकता है और श्वसन तंतुओं को प्रभावित करके श्वसन क्षमता में कमी कर सकता है।

**निमोनिया के लक्षण**

**1. श्वास में कठिनाई :** निमोनिया में गहरी सांस लेनेमें कठिनाई महसूस होती है, और श्वसन में तेजी से होनेवाली कठिनाई हो सकती है।

**2. बुखार और गर्मी :** निमोनिया में शरीर में बुखारऔर ठंड लग सकती है।

**3. खांसी और बलगम :** निमोनिया में खांसी, बलगमका निकलना और बलगम में रंग का परिवर्तन हो सकताहै।

**4. शरीर में दर्द :** निमोनिया में फेफड़ों में दर्द याशरीर के किसी अन्य हिस्से में दर्द महसूस हो सकता है।

**निमोनिया का घरेलू उपचार**

**अदरक और शहद का सेवन :** अदरक और शहदका मिश्रण पीना श्वसन तंतुओं को मजबूती प्रदान करसकता है।

**तुलसी का काढ़ा :** तुलसी की पत्तियों से बनायागया काढ़ा संक्रमण से लड़ने में मदद कर सकता है।

**नमक के गरारे :** गरम पानी में नमक मिलाकरगरारे करना खांसी और सूजन को कम कर सकता है।

**हल्दी :** गर्म दूध में हल्दी मिलाकर पीना श्वसनतंतुओं को मजबूत कर सकता है और राहत प्रदान करसकता है।

**पूर्ण आहार :** उचित पोषण और प्रतिरक्षा बढ़ानेके लिए स्वस्थ आहार जैसे हरी सब्जियां, फल, जूसआदि लेना महत्वपूर्ण है।

निमोनिया एक गंभीर बीमारी है, इसलिए यदि आपको इसके लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और उचित इलाज प्राप्त करें।

**- डॉ. विजय सारस्वत**
**संचालक : सारस्वत हस्पताल**
**नजदीक पंजाब नेशनल बैंक, डाबड़ा चौक, हिसार**
**मो. +91 94164 89299**






अब बर्तन
चाँदी से चमके

muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN
BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town
Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

# केस अपडेट से लेकर जरूरी फैसलों तक, अब व्हाट्सएप पर मिलेगी सुप्रीम कोर्ट के मामले की जानकारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची, केस फाइलिंग और केस लिस्टिंग के बारे में जानकारी प्रसारित करना शुरू कर देगा। वाद सूची किसी विशेष दिन पर अदालत द्वारा सुनवाई के लिए निर्धारित मामलों की रूपरेखा तैयार करती है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने एक छोटी सी पहल शुरू की। व्हाट्सएप मैसेंजर हमारे दैनिक जीवन में एक सर्वव्यापी सेवा रही है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत करने और न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इसने एक शक्तिशाली संचार उपकरण की भूमिका निभाई है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी प्रश्न पर सुनवाई शुरू करने से पहले, सीजेआई ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब अधिवक्ताओं को केस फाइलिंग के संबंध में स्वचालित संदेश प्राप्त होंगे। इसके अतिरिक्त, बार के सदस्यों को प्रकाशित होते ही उनके मोबाइल फोन पर कारण सूची भी प्राप्त होगी। यह सुविधा और सेवा हमारी दैनिक कार्य आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। इस कदम के बारे में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक और क्रांतिकारी कदम है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर भी प्रदान किया और स्पष्ट किया कि वह किसी भी संदेश या कॉल को स्वीकार नहीं करेगा।

# एफसीआई मैंबर ने एसपी हिसार को शिकायत देकर की जान से मारने की धमकी देने के आरोपी पर कार्यवाही व सुरक्षा की मांग

## भीम आर्मी आई डॉ. पुनीत इंदौरा के साथ, कहा यदि जल्द मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो करेंगे प्रदर्शन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** एफसीआई सदस्य भारत सरकार एवं अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी डॉ. पुनीत इंदौरा को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद आज उन्होंने एसपी हिसार के नाम एक शिकायत डीएसपी सतपाल यादव को दी। इस मौके पर भीम आर्मी हरियाणा के प्रदीप भानखड़ भी मौजूद थे। प्रदीप भानखड़ ने कहा कि भारत सरकार के एफसीआई मैंबर को जान से मारने की धमकी मिलने और शिकायत के बाद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है और शिकायत के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी डॉ. इंदौरा व उनके परिवार को कोई पुलिस सुरक्षा नहीं दी है। धमकी देने के आरोपी व्यक्ति खिलाफ भी पुलिस ने कुछ नहीं किया है। आरोपी ने डॉ. पुनीत इंदौरा को जातिसूचक गालियां दी हैं और जान से मारने की धमकी दी। इसलिए पुलिस एससी/एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर तुरंत इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करे और डॉ. इंदौरा व उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया करवाए। यदि अगले 24 घंटे में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती तो जय भीम आर्मी व अन्य संगठन मिलकर इसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेंगे। डॉ. पुनीत इंदौरा ने कहा कि उन्हें व उनके परिवार को जान से मिलने की धमकी मिलने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा उनको सुरक्षा नहीं दी गई है। जब केंद्र सरकार के सदस्य के साथ पुलिस का ऐसा रवैया तो साधारण शिकायत पर कार्यवाही की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो प्रदेश व केंद्रीय स्तर तक शिकायत भेज कर कार्यवाही की मांग की जाएगी।

# मांगों को लेकर किसानों का बेमियादी धरना 113 दिन से जारी, प्रधानमंत्री की जनसभाओं पर रोक लगाने की मांग




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** बर्बाद हुई 2021-22 व 2023 की फसलों का बकाया मुआवजा, बीमा क्लेम, आवारा पशुओं पर रोक, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद, मंडी में सरसों का गेहूं के उठान को लेकर किसान सभा का लघु सचिवालय पर चल रहा बेमियादी धरना आज 113वें दिन में प्रवेश कर गया। आज धरने की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने की व संचालन तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने किया। किसानों को संबोधित करते हुए प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने आरोप लगाया कि 20 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री ने बासवाड़ा राजस्थान में आयोजित जनसभा में देश को जाति, धर्म व इलाके में नफरत का जहर घोलते हुए लोगों को भड़काने का जो प्रयास किया, किसान सभा प्रधानमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करती है। संयुक्त किसान मोर्चा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि देश के प्रधानमंत्री की जनसभाओं पर रोक लगाई जाए। किसान सभा के तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने कहा कि प्रधानमंत्री व भाजपा यह कहती है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हिंदू बहू बेटियों के मंगलसूत्र में गहने एक विशेष जाति को दे दिए जाएंगे। ऐसा बयान देकर प्रधानमंत्री चुनावों में अपनी बौखलाहट व हार का परिचय दे रहे हैं। आज के धरने को राजीव मलिक, सुरेंद्र मान, बलराज सहरावत, हर्षदीप वकील, शमशेर वाल्मीकि, नफे सिंह थानेदार चिडोद, सतबीर भाकर, इंद्र सिंह प्रधान, महिपाल पाबड़ा, शमशेर सिंह भेरिया, राममेहर पूनिया लाडवा, सुधीर सिंघवा, नेकी राम, दिलबाग हुड्डा, विजय सिंह जागलान आदि ने संबोधित किया।

# हिसार मंडल पुलिस द्वारा 3088 किलोग्राम मादक पदार्थों का किया गया निस्तारण

## इस वर्ष कुल 4522 किलोग्राम मादक पदार्थों का किया जा चुका है निस्तारण : एडीजीपी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** हिसार मंडल पुलिस द्वारा आज जिला फतेहाबाद, जिला सिरसा व पुलिस जिला डबवाली में बरामद 3088 किलोग्राम नशीले पदार्थों का निस्तारण किया गया। मंडल पुलिस द्वारा इससे पूर्व गत 12 अप्रैल को जिला हिसार, जींद व पुलिस जिला हांसी द्वारा बरामद 1434 किलोग्राम नशीले पदार्थों का निस्तारण किया गया था। इस वर्ष अब तक हिसार मंडल में कुल 4522 किलोग्राम नशीले पदार्थों का निस्तारण किया जा चुका है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ एम. रवि किरण ने आज हिसार के सेक्टर 27-28 स्थित हुड्डा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में पुलिस द्वारा जिला फतेहाबाद, सिरसा व पुलिस जिला डबवाली में बरामद विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों का स्वयं की देखरेख में निस्तारण करवाया। इस अवसर पर जिला फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, सिरसा पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण तथा पुलिस जिला डबवाली अधीक्षक सुमेर सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। एडीजीपी डॉ एम.रवि किरण ने बताया कि आज दिनभर चली मादक पदार्थ निस्तारण कार्यवाही में फतेहाबाद जिले में बरामद 1085 किलो 290 ग्राम डोडा पोस्त, 22 किलो 841 ग्राम गांजा, एक किलो 524 ग्राम चरस, एक किलो नौ ग्राम 128 मिलीग्राम हेरोइन व 4160 नशीली दवाइयों की खेप का निस्तारण किया है। इसी प्रकार सिरसा जिले में बरामद 624 किलो 746 ग्राम डोडा पोस्त, 821 ग्राम 81 मिलीग्राम हेरोइन, 10 ग्राम गांजा, नशीले दवाओं की 48 शीशियां, 13820 नशीली गोलियां व कैप्सूल नष्ट किए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस जिला डबवाली में बरामद 500 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त, पांच ग्राम हैरोइन, 2280 नशीली गोलियां, 28 किलो 800 ग्राम गांजा, 43 नशीली दवाइयों की शीशियां नष्ट की गई। उन्होंने कहा कि इन सभी मादक पदार्थों को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार जैविक कचरा उन्मूलन इकाई में नष्ट किया गया है। इन सभी पदार्थों को नष्ट करते समय जीरो कार्बन उत्सर्जन नियामकों की पालना सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर ड्रग निस्तारण कमेटी डबवाली के डीएसपी जयभगवान, जिला फतेहाबाद के डीएसपी जयपाल सिंह और सिरसा से डीएसपी जगत सिंह व एडीजीपी कार्यालय के प्रवाचक रमेश तथा सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट पाईवेट लिमिटेड के प्रबंधक राकेश पांडे भी उपस्थित रहे।

# उप स्वास्थ्य केंद्र खरबला में मनाया गया मलेरिया दिवस : गोयत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 25 अप्रैल :** सामुदायिक सोरखी में आज एसएमओ डॉ. कामिद मोंगा के निर्देश पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इसमें ज़िला प्रधान अनिल गोयत द्वारा मलेरिया के बारे में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरबला खेड़ा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बताया गया कि मलेरिया किस तरह फैलता है और बचाव के उपाय क्या हैं।

**मलेरिया के लक्षण :** सर्दी व कंपन के साथ बुख़ार, उल्टिया व सिर दर्द, गर्मी लगना और पसीने के साथ बुख़ार का उतरना, बुख़ार हर रोज़, एक दिन छोड़कर या फिर चौथे दिन आना, कोई बुख़ार मलेरिया हो सकता है।

**मलेरिया का उपचार :** मलेरिया की रक्त पटिका बनाना और शीघ्र इसकी जाँच करवाना, मलेरिया घोषित होने पर मूल उपचार लेना, सुबह सायं शरीर को कपड़ों से पूरी तरह ढक कर रखना, सप्ताह में एक दिन कूलर टंकी आदि को धो कर सुखाना, सोते समय मछरदानी का प्रयोग करना, पानी के बर्तनों को ढककर रखना, तालाबों, कुओं व जलाशयों आदि में गुम्बूजिया मछलिया डालना जैसी सभी जानकारी दी गई।

डॉ मोंगा द्वारा सभी को निर्देश जारी किए गये की सभी एमपीएचडबल्यू अपने- अपने एरिया में नुक्कड़ सभाएं करें और आमजन को मलेरिया से बचाव के बारे में बताएं।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रिंसिपल जोगिंदर मलिक़, सुषमा गोयत एम पी एच डब्लू फ़ीमेल, शीलावती एम पी एच डब्लू फ़ीमेल, अनिल बल्हारा, ऋतु, सुदेश, सत्यवान, पुनीता, आशा, ज्योति, आशा आदि ने भाग लिया।

# हांसी के विधायक कर रहे धोबी समाज की अनदेखी, धोबी समाज में रोष : सुरेश तंवर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 25 अप्रैल :** हरियाणा धोबी महासभा के प्रदेश महासचिव सुरेश तंवर ने बताया की हांसी के 10 नए धोबी घाट व धुप बारिश से बचाव के लिए एक हाल कमरे की मांग समाज लगभग 9 वर्षों से करता आ रहा है, पर हमें अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। एक तरफ तो हांसी विधायक कहते हैं कि हांसी में 1000 करोड़ का विकास हुया है तो क्या हमारे गरीब समाज के लिए उनके पास ग्रांट नहीं है? क्या हम उनकी विधानसभा में नही आते हैं? हमने भी उन्हें अपने वोट देकर जिताने में सहयोग दिया है। हांसी में हर जाति की धर्मशाला है, सिर्फ धोबी समाज की कोई धर्मशाला नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास धोबी घाट के नाम से 26 कनाल 3 मरले जगह है, जिस पर हम सैंकड़ों वर्षों से कपड़े धोने का कार्य करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योजना के तहत 20 लाख की ग्रांट धोबी घाट के नाम से नगर परिषद में आ चुकी है पर वो लग नहीं पा रही है। इसी वजह से समाज के लोगों में विधायक के प्रति भारी रोष है। हांसी का धोबी समाज विधायक से मांग करता है 10 नये धोबी घाट, एक हाल कमरा व समाज की धर्मशाला का निर्माण जल्द से जल्द धोबी घाट की जमीन पर करवाया जाए।

# प्रभुवाला में हनुमान जयंती पर हुआ विशाल जागरण, मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे विरेन्द्र मेहता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर उकलाना विधानसभा के गांव प्रभुवाला में सनातन धर्म मंदिर में श्रीबाला जी महाराज का 12वां विशाल जागरण आयोजित किया गया। इस विशाल जागरण में विरेन्द्र मेहता जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा ने मुख्य अतिथि के तौर पर दीप प्रज्ज्वलित किया। साथ में सोशल मीडिया प्रमुख युवा मोर्चा प्रभारी लव शर्मा, राजेश सिंहमार, भाजपा नेता जयंत भाटिया, सुरजीत सिंह, संपत सिंह, जय सिंह आदि गणमान्य उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर, जवाहर नगर की डिस्पेंसरी में टेप थैरेपी से होगा कई बिमारियों का नि:शुल्क इलाज




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 अप्रैल :** हनुमान मंदिर, गली नम्बर-2 जवाहर नगर में चल रही डिस्पेंसरी में टेप थैरेपी सेवा का शुभारंभ किया गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी भागवत प्रशाद शास्त्री ने विधिवत रुप से इस सेवा को शुरु करवाया। वैद्य नत्थूराम निम्भल कायला, भिवानी वाले ने पहले दिन लगभग 50 रोगियों का बिना दवाई टेप थैरेपी द्वारा इलाज किया। उन्होंने बताया कि शरीर के सभी प्रकार के दर्द, सरवाईकल, साइटिका, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, पेट दर्द, गठिया बॉय, डिस्क स्लिप, माईग्रेन, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द, नजला, गैस, एसिडिटी का इलाज बिना दवाई के टेप थैरेपी द्वारा किया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि वैद्य नत्थूराम हर सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक नि:शुल्क सेवाएं देंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33—एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33—एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप—सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964—72584
श्याम नागपाल : 92552—73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी
98960—38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

